# राजकीय इंजीनियरिंग कालेज बाँदा

Azadi Ka Amrit Mahotsav

(पूर्ववर्ती डा० भीमराव अम्बेडकर इंजीनियरिंग कालेज आफ इन्फारमेशन एण्ड टेक्नोलॉजी, बांदा)

Rajkiya Engineering College Banda

Atarra, Banda – 210201

E-Mail: director@recbanda.ac.in URL: www.recbanda.ac.in

Tel: +91 5191 254301 Mob:+91-8765089509


पत्रांकः आर0इ0सी0 / डी0एस0डब्ल्यू0 / 2026– 839 दिनांकः 31 जुलाई, 2026

## –:सूचना:–

संस्थान में अध्ययनरत समस्त विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2026–27 मे भी विगत वित्तीय वर्षो की भॉति संस्थान में दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत ऑनलाइन आवेदन करने वाले समस्त वर्ग के पात्र विद्यार्थियों की उपस्थिति हेतु संस्थान में उपलब्ध बायोमैट्रिक उपकरण के माध्यम से बायोमैट्रिक अटेण्डेंस की व्यवस्था करायी गयी है।

ए0के0टी0यू0 के पत्रांकः ए0के0टी0यू0 / कुस0का0 / 2022 / 16306 दिनांकः 25 अप्रैल, 2022 में वर्णित नियमावली के अनुसार **“शैक्षिक सत्र में 75 प्रतिशत या उससे ऊपर वाले विद्यार्थियों को शैक्षणिक भत्ता एवं शुल्क प्रतिपूर्ति सुविधा अनुमन्य होगी एवं यदि किसी विद्यार्थी की उपस्थिति 75 प्रतिशत से कम है तो ऐसे विद्यार्थी छात्रवृत्ति हेतु पात्र नही होंगे तथा विद्यार्थी को यदि भुगतान हो गया है तो भुगतानित धनराशि विद्यार्थी को वापस करनी होगी।”**

अतः उक्त योजनान्तर्गत आवेदन करने वाले पात्र विद्यार्थियों को पुनः निर्देशित किया जाता है कि संस्थान में विद्यार्थियों की बायोमैट्रिक अटेण्डेंस हेतु लगाये गये उपकरण में प्रतिदिन (भौतिक रूप से कक्षाओं के संचालन होने पर) पूर्वाहन 9:00 बजे से अपरान्ह 5:00 बजे के मध्य अपनी उपस्थिति दर्ज करना सुनिश्चित करें एवं बायोमैट्रिक अटेण्डेंस लगाने में किसी प्रकार की असुविधा होने की स्थिति में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में संपर्क स्थापित करेंगे।

अधिष्ठाता छात्र–कल्याण

प्रतिलिपिः

1. अधिष्ठाता शैक्षणिक–सूचनार्थ।
2. समस्त विभागाध्यक्षों को इस आशय से प्रेषित कि सभी विद्यार्थियों को सूचित करने की कृपा करें।
3. प्रभारी, ई0आर0पी0 को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड करने की कृपा करें।
4. समस्त सूचना पटट्।

अधिष्ठाता छात्र–कल्याण